सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 121 | इंदौर, मंगलवार 07 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. 11 बजे तक छत्तीसगढ़ में 22.97 फीसदी तो मिजोरम में 27.74% वोटिंग
2. मिजोरम में 11 बजे तक 27.72% मतदान, सीएम जोरामथांगा ने डाला वोट
3. Bihar News : जातीय जनगणना में आर्थिक सर्वे रिपोर्ट पेश; वेल में भाजपा के हंगामे पर सदन स्थगित

चुनावी चर्चा

DGR@ एल.एन. उग्र

# जीतने की चुनौती तो है... लेकिन उनका नाम भी मधु वर्मा है...!





जी हां मधु वर्मा... इंदौर शहर की राजनीति के लिए... कोई नया नाम नहीं है...मधु वर्मा राजनीति और इंदौर के... पुराने खिलाड़ी हैं... शहर की राजनीति से उनका पुराना नाता है... शहर के लिए मधु वर्मा एक बड़ा तथा स्थापित नाम है... और आम रूप से स्वीकार भी किया जाता है...। साफ-साफ राजनीति के लिए भी... उन्हें जाना जाता है...। फिलहाल वे राऊ विधानसभा से... भाजपा के उम्मीदवार हैं... उनके सामने तेज तरार... वर्तमान विधायक तथा पूर्व मंत्री... जीतू पटवारी हैं... जो मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भी हैं... और मधु वर्मा के सामने हैं... जीतने की चुनौती तो है... लेकिन वह स्वयं यह व्यक्त करते हैं कि... जीत आसान है... जीत होगी ही सही... वह इसलिए भी की... एक तो उन्हें अपने क्षेत्र में... काम करने का ,मतदाताओं से मिलने का,पर्याप्त समय मिला है... क्योंकि भाजपा ने... समय से पहले ही... उम्मीदवारों की घोषणा की थी...उनमें मधु वर्मा भी एक नाम था... खैर वर्तमान में मधु वर्मा... संपर्क अभियान में व्यस्त थे... सहज रुप से वे सभी से...समान रुप से मिलने के लिए भी... उनको पहचाना जाता है...। क्षेत्र की समस्या के बारे में वह बताते हैं कि... लोगों ने विधायक की उदासीनता के कारण... मूलभूत सुविधाओं से वंचित होने का बताया... इस पर उन्होंने समस्याओं को हल करने का... प्राथमिकता से प्रयास किया जाएगा...यह कहा...।

साथियों की टीम को... पूरा भरोसा है जीत का... और सरकार भी भाजपा के...बनने का विश्वास है... तो मधु भैया अच्छी पोजीशन में होंगे...और समस्या हल भी होगी...। उन्होंने जनता को आगाह भी किया... और कहा कि अब वक्त आ गया है... जब विधायक जी से पिछले 10 वर्षों का... हिसाब मांगा जाए...उनके दावे और विकास के वादों की... उम्मीद एकदम झूठा निकली...। जनसंपर्क के दौरान ऊर्जा से ओत प्रोत...मधु भैया में जीत की उम्मीद... और जोश देखने को मिला...।

जनता आपको चुनेगी ऐसा आप मानते हैं. ..इस पर उनका जहां तक में समझता हूं... यह मत लगा की... जनता के विश्वास और उनके विश्वास को... निश्चित रूप से अपने क्षेत्र में कार्य... और विकास के माध्यम से सफलता प्राप्त होगी... इसी आधार पर उन्होंने अपना लक्ष्य ही...क्षेत्र के विकास को बनाया है... मधु वर्मा जनसंपर्क के दौरान... आम आदमी से मतदाताओं से बड़े... आदर भाव से मिल रहे हैं... यही उनकी सफलता के लिए... आधार भी बनेगा... ऐसा मेरा मानना है...। राजनीति में कब क्या हो जाए... इसकी कोई संभावना नहीं होती है... फिर भी कहा गया है... आशा से आकाश थामा है... तो निश्चित रूप से मधु वर्मा जी के पास लक्ष्य बड़ा है... और जनता का विश्वास उनके साथ है... जनता के विश्वास के आधार पर ही... उन्हें सफलता मिलेगी...। जनसंपर्क में कार्यकर्ताओं का उत्साह भी अत्यधिक है... कई ऐसे कार्यकर्ता है...जो निस्वार्थ भाव से... मधु वर्मा जी के जनसंपर्क में... अपनी सेवाएं दे रहे हैं...उन सब की सेवाएं और मेहनत व्यर्थ ना होगी... ऐसे ही सारे कार्यकर्ता कामना करते हैं...।

शेष फिर

# सोम ग्रुप पर आईटी की रेड

## ◆ भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत कई शहरों में सर्चिंग; कंपनी के अफसरों के यहां भी कार्रवाई




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले भोपाल के सोम ग्रुप के मालिक जगदीश अरोड़ा के यहां आईटी ने छापा मारा है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सोम ग्रुप के करीब 50 ठिकानों पर टीम पहुंची है। भोपाल शाहपुरा थाना क्षेत्र सहित कई जगह टैक्स चोरी के आरोप में एक साथ कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार आईटी टीम में इंदौर और मुंबई के अधिकारी शामिल हैं।**

भोपाल के अलावा जबलपुर, इंदौर और रायसेन में आज सुबह कार्रवाई शुरू हुई है। ग्रुप के एमपी नगर जोन- 2 स्थित कार्यालय पर टीम ने सुबह 7 बजे दबिश दी। अफसर यहां एक कार और एक ट्रेवलर से पहुंचे। टीम में 18 से ज्यादा अफसर और पुलिस कर्मचारी हैं। ग्रुप के मुख्य कार्यालय पर दबिश के कुछ ही मिनट बाद कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के घर और ऑफिस पर अफसरों की दूसरी टीमों ने छापा मारा।

इसके अलावा मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, कटक और बेंगलुरु में भी आयकर विभाग कार्रवाई कर रहा है। टीम के साथ सीआरपीएफ के जवान भी मौजूद हैं। बताया जाता है कि सोम ग्रुप के मालिक जगदीश अरोड़ा के निवास और दफ्तरों के अलावा इस ग्रुप से जुड़े अधिकारियों के यहां भी आयकर विभाग की टीम जांच पड़ताल कर रही है।

बता दें, एल्को-बेवरेज/ अलकोहल इंडस्ट्री में सोम ग्रुप सेंट्रल इंडिया की सबसे बड़ी कंपनी है। सोम ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रोडक्ट कई देशों में एक्सपोर्ट भी होते हैं। इनमें अमेरिका, न्यूजीलैंड, जर्मनी, फिनलैंड, नार्वे, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया सहित करीब 28 देश शामिल हैं।

### ◆ सोम ग्रुप का कारोबार 1980 में शुरू हुआ

सोम ग्रुप के मालिक जगदीश अरोड़ा ने वर्ष 1980 में अपने पिता के नाम पर पहला ड्रिस्ट्रीब्यूशन हाउस 'मेसर्स मोहन एंड कंपनी' शुरू किया। अरोड़ा अपने कारोबार में वृद्धि के लिए खुद डीलर्स के पास जाते थे, जिसके चलते उनकी कंपनी का स्वरूप बदलकर सोम ग्रुप ऑफ कंपनीज के रूप में आ गया।

# बुजुर्ग-दिव्यांगों के लिए वोटिंग शुरू

## ◆ 80 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध 9 नवम्बर तक घर से कर सकेंगे मतदान; वीडियो रिकॉर्डिंग भी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इस बार विधानसभा चुनाव में 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें जिले में 4,666 दिव्यांग एवं बुर्जुग मतदाताओं द्वारा घर से मतदान करने का विकल्प चुना गया है। मतदान की प्रक्रिया सोमवार 6 नवंबर से शुरू हो गई है। इनके मतदान का सिलसिला 9 नवंबर तक जारी रहेगा।**

सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मतदान प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जा रही है। मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण 6 नवम्बर सुबह 6 बजे श्री अटल बिहारी वाजपेई कॉलेज (आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज) इंदौर से शुरू किया और टीमें वहां गंतव्य के लिए रवाना हो गई। मतदान दल के लौटने के बाद बैलेट पेपर प्रशासनिक संकुल भवन के जिला कोषालय कार्यालय में जमा किए जाएंगे। प्रत्याशियों को पोस्टल बैलेट के जमा होने तथा प्राप्त करने की जानकारी रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दी जाएगी। प्रत्याशियों को सुविधा दी गई है कि वे अपना प्रतिनिधि (जिसमें बीएलए भी शामिल हैं) इस प्रक्रिया को देखने के लिए नियुक्त कर सकते हैं। इसकी सूचना प्रत्याशी को रिटर्निंग अधिकारी को देना होगी। वोटर्स को बीएलओ के माध्यम से मतदान के दिनांक एवं समय की सूचना अलग से दी गई है। राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों या उनके अधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकेंगे।

जिले में इस बार वर्ष से 31512 वोटर्स (80+) हैं। इनमें सबसे ज्यादा विधानसभा-5 में 5257 वोटर्स हैं जबकि सबसे कम विधानसभा-3 में 2432 बुजुर्ग हैं। जिले में 100 से 110 वर्ष के 162 वयोवृद्ध हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा देपालपुर में 26 हैं। 110 वर्ष से 120 वर्ष के बीच के 4 बुजुर्ग हैं। पूरे जिले में 120 वर्ष से अधिक उम्र के एक वृद्ध विधानसभा-5 में है।

**चुनाव में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए यह व्यवस्था-** चुनाव कार्य में लगे हुए अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या जिले में लगभग बीस हजार है जिसमें पुलिस बल मतदान कार्य में लगे अधिकारी/कर्मचारी होमगार्ड, ड्राइवर, कंडक्टर आदि जिनकी ड्यूटी चुनाव कार्य में लगी हुई है। उक्त कर्मचारी (पुलिस को छोड़कर) होल्कर साइंस कॉलेज, इंदौर फेसिलिटेशन सेंटर पर प्रशिक्षण के दौरान 8 नवम्बर 2023 से 11 नवम्बर तक मतदान कर सकेंगे। पुलिस अधिकारी/कर्मचारी 9 नवम्बर से 11 नवम्बर 2023 तक समय प्रातः 9 से 12 बजे तक फेसिलिटेशन सेंटर में मतदान कर सकेंगे। ऐसे कर्मचारी जिनकी निर्वाचन ड्यूटी अन्य जिलों में लगी है, परंतु वे वोटर इंदौर जिले के है, वे भी 9 नवम्बर से 11 नवम्बर 2023 के बीच उक्त फेसिलिटेशन सेंटर में वोट डाल सकेंगे।

# हार्डिया को पहनाई नींबू-मिर्ची की माला

### कांग्रेस बोली- नजर तो उनको लग ही गई, उनके खिलाफ बहुत ज्यादा एंटी-इनकमबेंसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर-5 विधानसभा से 4 बार के विधायक महेंद्र हार्डिया इस बार फिर बीजेपी की तरफ से मैदान में है। वार्ड 49 में जनसंपर्क के दौरान लोगों ने नींबू-मिर्ची पहनाकर उनका स्वागत किया ताकि उन्हें नजर नहीं लगे। इस पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने चुटकी लेते हुए कहा कि नजर को उनको लग गई है। उनके खिलाफ बहुत ज्यादा एंटी इनकमबेंसी है। चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी सत्यनारायण पटेल ही जीतेंगे।

दरअसल, इस बार इंदौर-5 विधानसभा में बीजेपी से कई दावेदार थे लेकिन आखिरकार पार्टी ने महेंद्र हार्डिया पर ही भरोसा जताया। हार्डिया के टिकट का खुलकर विरोध पार्टी के कार्यकतार्ओं ने ही किया। विरोधी गुट ने बैठकें की लेकिन कुछ नहीं हुआ।

रविवार को जनसंपर्क के दौरान इंदौर-5 के वार्ड 49 में जनसंपर्क के दौरान उन्हें लोगों ने नींबू-मिर्ची की माला पहना दी ताकि उन्हें



नजर नहीं लगे। नींबू-मिर्ची की माला पहने हार्डिया का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर कांग्रेस की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है।

### ये बोले शहर कांग्रेस अध्यक्ष

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्?ढा ने कहा कि ह्लनजर तो उनको (महेंद्र हार्डिया) लग ही गई है। 4 बार के विधायक हो गए हैं। उनके खिलाफ बहुत ज्यादा एंटी इनकमबेंसी है। हमेशा किसी भी परिस्थिति में वो जनता के बीच रहते हैं।

### सीएम कर चुके हार्डिया के लिए सभा

इंदौर-5 सीट पर हार्डिया के विरोध और जीत के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सभा करने का फैसला पार्टी ने लिया। शनिवार को मालवा मिल क्षेत्र के मैदान में हार्डिया के समर्थन में सीएम चौहान ने सभी की, जिसमें कहा कि मेट्रो निर्माण के कारण किसी का घर टूटने नहीं दिया जाएगा, कांग्रेस सिर्फ अफवाह ही फैलाती है।

कनाडिया क्षेत्र में मेट्रो के निर्माण को लेकर लोगों के घरों को तोड़े जाने की अफवाहों पर मुख्यमंत्री ने यह बात कही। सीएम ने कहा कि कांग्रेसी मुझसे परेशान हैं। मेरे श्राद्ध के पोस्ट भी इंटरनेट मीडिया पर डाले। मैंने कहा- मामा मर भी गया तो राख के ढेर से खड़ा हो जाएगा।

बता दें इंदौर-5 से बीजेपी से नानूराम कुमावत ने भी दावेदारी जताई थी। टिकट नहीं मिलने पर वे हार्डिया के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में भी नहीं गए। शनिवार को कुमावत और सीएम चौहान के बीच भोपाल में मुलाकात हुई। इस दौरान कुमावत को सीएम की तरफ से आश्वासन दिया गया। मुलाकात के फोटो सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुए और शाम को हार्डिया के लिए सीएम ने सभा की।

## ◆ 24 घंटे में डेंगू के 14 नए मरीज

# रात में सर्दी बढ़ी पर दिन का पारा 30 से ज्यादा, इससे बढ़ रही गर्मी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इस बार नवम्बर माह का पहला हफ्ता अक्टूबर की तरह ही बीत गया। अक्टूबर माह में जहां अधिकांश दिनों में दिन और रात का तापमान ज्यादा रहा वैसा ही मौसम अभी महसूस हो रहा है। इन दिनों दिन का तापमान सामान्य जरूर है लेकिन गर्मी महसूस हो रही है। दूसरी ओर रात का तापमान एक हफ्ते से 17 डिग्री से नीचे नहीं होकर सामान्य से दो डिग्री ज्यादा ही है। आमतौर पर नवम्बर में हल्का कोहरा छाने की शुरूआत हो जाती है लेकिन इन दिनों सुबह से ही मौसम साफ है। सोमवार को भी दृश्यता 2 हजार मीटर की थी। अभी नवम्बर के पांच दिन बीत चुके हैं लेकिन ठण्ड असरदार नहीं है खासकर दिन में। सुबह 8 बजे तक हल्की ठण्डक जरूर रहती है लेकिन इसके बाद धूप का असर शुरू हो जाता है और दोपहर 12 बजे गर्मी महसूस होने लगती है। दूसरी ओर रात 9 बजे बाद ठण्डक जरूर महसूस होती है लेकिन तापामान सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा ही है। रविवार को दिन का तापमान 31.3 डिग्री (सामान्य) रहा जबकि रात का तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 15 नवम्बर के बाद सर्दी बढ़ सकती है।

उधर, रविवार को डेंगू के 9 नए मरीज मिले हैं। इस तरह 24 घंटे में 14 नए मरीज हो गए हैं। इसके सहित इस साल अब तक 400 डेंगू के मरीज मिले हैं। मलेरिया विभाग द्वारा जहां भी नए मरीज मिल रहे हैं वहां लार्वा के सैंपल लेकर छिडक़ाव किया जा रहा है। अभी सर्दी ठण्ड नहीं होने से सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की संख्या सामान्य है।

## कटाक्ष




# राजपूत समाज का दशहरा मिलन समारोह

### इंदौर को मतदान में नंबर वन बनाने की अपील, राजपूत परिधान में शामिल हुए समाजजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राजपूत समाज का दशहरा मिलन व पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन जस गार्डन में रविवार रात को किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में राजपूत सरदार एवं क्षत्राणियां राजपूत परिधान में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ दुर्गा वाहिनी की संयोजक डॉ.माला ठाकुर थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबू सिंह रघुवंशी ने की। समारोह का संचालन राजपूत समाज चेतना मंडल के संयोजक रतन सिंह राजपूत एवं राजपूत समाज चेतना मंडल के सचिव सत्येंद्र सिंह चौहान ने किया। स्वागत भाषण राजपूत समाज चेतना मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट गजराज सिंह सोलंकी ने दिया।

### मतदान में भी नंबर वन बने इंदौर

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ दुर्गा वाहिनी की संयोजिका डॉ. माला ठाकुर ने कहा कि - राजपूत समाज का जो गौरवशाली इतिहास दिखाई देता है तो हम सबको ध्यान में आता है कि देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना रक्त तक बहाने का काम अगर किसी ने किया है राजपूतों ने किया है। राजपूत समाज हमेशा देश की रक्षा के लिए धर्मो रक्षति रक्षिता के भाव के साथ हम सभी की सुरक्षा के लिए आगे बढ़ता है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे बाबू सिंह रघुवंशी ने कहा कि - आप सबसे अनुरोध है कि इंदौर को स्वच्छता में नंबर वन बनाया है इसी तरह आप 17 नवंबर को अपना मत का उपयोग करके मतदान में भी इंदौर नंबर वन होना चाहिए। आभार रमेश भारद्वाज ने माना।

इस अवसर पर मंडल के उपाध्यक्ष राजेश सिंह तोमर ,महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोनिका बेस, महिला प्रकोष्ठ की सचिव कीर्ति चौहान, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उदय सिंह पंवार, युवा प्रकोष्ठ के सचिव युवराज सिंह राजपूत, त्रिलोक सिंह राजावत, शैली राजावत, मीडिया प्रभारी विनोद सिंह चौहान, प्रचार प्रमुख भारत सिंह चौहान, संगठन महामंत्री चंद्र सिंह तोमर ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रेम सिंह सोलंकी, मुकेश सिंह राजावत, हितेंद्र सिंह राजावत, शंभू नाथ सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

# दीपावली से पहले बाजार में दिखने लगी रौनक

## कहीं केसरिया सजावट तो कहीं ग्राहकों का मिठाई खिलाकर करेंगे स्वागत, विशेष छूट का मिलेगा फायदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शुक्रवार से शुरू हो रहे पांच दिनी दीपोत्सव के पांच दिन पहले से ही शहर के बाजारों में त्योहार की रौनक दिखने लगी है। सोमवार से ही राजबाड़ा क्षेत्र के बाजारों में सजावट कर दी गई है। ग्राहकों को बाजारों तक बुलाने के लिए आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। कहीं बाजार को केसरिया रंग से सजाया गया है तो कहीं ग्राहकों का मिठाई खिलाकर स्वागत करने की तैयारी है। सराफा में धनतेरस पर रेड कारपेट बिछाकर विशेष सजावट की जाएगी।**

**बर्तन बाजार :** बर्तन बाजार में तीन मंजिला सजावट- धनतेरस पर सोना-चांदी के अलावा बर्तन खरीदने का विशेष महत्व है। धनतेरस पर बर्तन बाजार में खास सजावट की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। डिमांड के अनुसार स्टील और ताम्बे के बर्तन दुकानदारों में स्टॉक में रखे है। धनतेरस के एक दिन पहले दुकानों को विशेषरूप से सजाया जाएगा।

**एबी रोड:** बीआरटीएस के



व्यावसायिक संस्थानों को 24 घंटे खोले रखने की अनुमति है। खरीदी के चलते बीआरटीएस देर रात तक रोशन रहेगा। चार मॉल सहित कई बड़े शो रूम इस पर संचालित होते हैं। अधिकांश मॉल और शो रूम में रविवार से ही सजावट हो गई है।

**सराफा :** रेड कारपेट से होगा स्वागत- धनतेरस से दिवाली तक सराफा बाजार में नो वीकल जोन रहेगा। रेड कारपेट लगाने के साथ सजावट शुरू हो गई है। मंत्री अविनाश शास्त्री ने बताया कि दुकानदारों ने सोने-चांदी के आभूषणों की नई डिजाइनों के अलावा सिक्कों का बड़ा स्टॉक रखा है। ग्राहकों को को खास ऑफर भी दिए जाएंगे।

**मारोठिया बाजार :** केसरिया रंग में मारोठिया मारोठिया बाजार दिवाली से करीब आठ दिन पहले ही केसरिया रंग के कपड़ों और झंडों से सजाया गया है। अध्यक्ष विशाल शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन बाजारों को चुनौती देने के लिए हमने ग्राहकों के लिए कॉस्मेटिक्स और प्लास्टिक प्रोडक्ट पर खास छूट और ऑफर दी है।

## इंदौर-उज्जैन संभाग के 1352 मतदान बूथों पर बिजली नहीं, 700 बूथों पर दिए अस्थायी कनेक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मतदान के लिए सरकारी अमला तैयारियों में जुटा है। इस बीच इंदौर-उज्जैन संभाग में कुल 1300 से ज्यादा बूथ ऐसी जगह बनाए गए हैं जहां बिजली की व्यवस्था ही नहीं है। एक रात पहले पोलिंग पार्टी बूथों पर पहुंचेगी। ऐसे में अब ऐसे बूथों पर अलग से बिजली की व्यवस्था की जा रही है।**

भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतदान केंद्रों पर समुचित व्यवस्था के लिए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भी तेजी से कार्य कर रही है। आयोग के आदेश पालन में जिन मतदान केंद्रों पर बिजली के स्थायी कनेक्शन नहीं है, वहां अस्थायी कनेक्शन देने का कार्य कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर के मार्गदर्शन में तेजी से किया जा रहा हैं।

### तेजी से चल रहा कनेक्शन देने का काम

जिला निर्वाचन कार्यालय, रिटर्निंग आफिसर से प्राप्त सूची के अनुसार कंपनी क्षेत्र में 1352 बूथों पर बिजली के स्थायी कनेक्शन नहीं थे। इन सभी स्थानों कंपनी के इंजीनियरों द्वारा टीमें बनाकर अस्थायी कनेक्शन तेजी से दिए जा रहे है। अब तक करीब 700 बूथों पर कनेक्शन दिए जा चुके है। इन 700 अस्थायी कनेक्शन वाले बूथों में इंदौर ग्रामीण के 21 बूथ भी सम्मिलित हैं। शेष रहे बूथों पर भी निर्वाचन आयोग के अनुसार कनेक्शन अगले सप्ताह तक प्रदान कर दिए जाएंगे।

कंपनी क्षेत्र में कुल 18300 के करीब बूथ है। इनमें से 1352 ऐसे हैं, जहां स्थायी कनेक्शन नहीं है, वहां अस्थायी कनेक्शन तेजी से दिए जा रहे हैं। मतदान दिवस पर भी नोडल अधिकारी बूथों, चुनाव सामग्री वितरण व जिला निर्वाचन केंद्र इत्यादि पर माकूल व्यवस्था करेंगे।

**- अमित तोमर, एमडी**

## क्रोमा के फेस्टिवल ऑफर ड्रीम्स में दिवाली के शानदार ऑफर

### 15 फीसदी तक कैशबैक, आसान ईएमआई सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुंबई। इस दिवाली, सपनों के सच होने की खुशी का आनंद लें, क्योंकि टाटा उद्यम, क्रोमा में शुरू हुआ है फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स कैम्पेन। 15 नवंबर 2023 तक चलने वाले कैम्पेन में सभी क्रोमा स्टोर्स और वेबसाइट (ध्द्धद्वड्ड.द्यद्ब) पर सभी श्रेणियों में आकर्षक और बहुप्रतीक्षित ऑफर हैं।**

इसमें स्मार्ट टीवी से लैपटॉप, वॉशिंग मशीन, एसी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन और अन्य उत्पादों पर ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है। क्रोमा ने अपने ग्राहकों के सपनों को साकार करने के लिए आकर्षक ऑफर पेश किए हैं। ऑफर का लाभ टाटा नेउ पर भी लिया जा सकता है। अगर इस दिवाली अपने किचन को अपग्रेड करने का सपना देख रहे हैं, तो आकर्षक ऑफर हैं। 256 लीटर फ्रॉस्ट-फ्री इन्वर्टर रेफ्रिजरेटर सिर्फ 22,990 रुपए में मिल रहा है। अगर बड़ा फ्रिज चाहिए तो क्रोमा में 400 लीटर प्लस बॉटम माउंट कन्वर्टिबल रेफ्रिजरेटर पर 1994 रुपयों से आगे की ईएमआई की आसान सुविधा है। घरेलू कामों में सुविधा देखते हुए क्रोमा ने 8 किलोग्राम 5 स्टार इन्वर्टर फुली ऑटोमैटिक टॉप लोड वॉशिंग मशीन प्रति माह मात्र 1799 रुपयों से शुरू होने वाली किफायती ईएमआई के साथ प्रस्तुत की है। अगर आप दिवाली पर स्टाइलिश दिखना चाहते हैं तो सिर्फ 999 रुपये में स्मार्टवॉच,क्रोमा 5जी फोन पर शानदार ऑफर, ब्ल्यूटूथ कॉलिंग वॉच केवल 49 रुपए में और मैकबुक 2299 रुपए प्रति माह ईएमआई पर मिल रहे हैं। क्रोमा का फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स इस दिवाली सबसे अच्छा फेस्टिवल डेस्टिनेशन है। अपने नजदीकी क्रोमा स्टोर पर जाकर आकर्षक ऑफर का लाभ उठाएं।

## चोरी के मोबाइल खरीदने वाले व्यापारी की तलाश

### ◆ पुलिस ने ठिकानों पर दी दबिश, नहीं मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजय नगर पुलिस ने चार दिन पहले दो लूट के मामले में चार बदमाशों को पकड़ा। इस दौरान दो बदमाशों ने चोरी का माल खरीदने वाले जेल रोड के एक व्यापारी का नाम कबूला, जो परदेशीपुरा इलाके का रहने वाला है। विजय नगर पुलिस ने जब उसके ठिकाने पर दबिश दी तो वह नहीं मिला। लेकिन उसके यहां से चोरी के दर्जनों मोबाइल बरामद हुए।**

पुलिस ने यह सारा माल जब्त कर लिया है। इस मामले में अब व्यापारी की तलाश की जा रही है। पुलिस को जानकारी मिली है कि व्यापारी कुछ दिन पहले क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े बदमाश से भी लूट और चोरी के मोबाइल खरीदता रहा है। विजय नगर इलाके में सीमा नाम की महिला से स्कीम नंबर 54 में किराना दुकान पर जाते समय पर्स लूटने की वारदात हुई थी। इसमें महिला का मोबाइल भी रखा था। एक दिन बाद बदमाशों ने सिक्योरिटी कंपनी के कम्प्यूटर ऑपरेटर नितिन नामदेव से भी मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों मामलों में चार बदमाशों जीशान खान निवासी बेकरी गली, अभिषेक साहू निवासी स्कीम नंबर 78, अमित और रोहन को पकड़ा। आरोपियों से अलग-अलग वारदातों में करीब चार मोबाइल जब्त करना पुलिस ने बताया।

### जेल रोड पर दी दबिश, व्यापारी फरार

जीशान ने पूछताछ में बताया कि वह जेल रोड के बड़े मार्केट में पवन नाम के व्यापारी को मोबाइल बेचता है। इसके बाद थाने के खुफिया के सिपाही ने उसके ठिकाने पर दबिश दी। लेकिन पता चला कि पवन को जीशान के पकड़ाने की जानकारी लग गई। जिसके बाद वह फरार हो गया। इसके बाद पवन के एक अन्य ठिकाने पर पुलिस पहुंची। यहां से दर्जनों मोबाइल मिले हैं। पुलिस को चोरी के मोबाइल खरीदने वाले एक अन्य व्यापारी की भी जानकारी मिली है।

## इंदौर में रात का तापमान अब 3 डिग्री ज्यादा

### उत्तर भारत से ठण्डी हवा का रुख नहीं होने से तापमान में गिरावट नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नवम्बर का पहला हफ्ता बिना सर्दी वाला ही रहा। पूरे हफ्ते दिन का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहा जो सामान्य है। इसी तरह बीती रात तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है। इसके पूर्व रविवार रात का तापमान सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा था। मौसम का मिजाज ऐसा है कि रात 9 बजे से सुबह 7-8 बजे तक ही हल्की ठण्ड है जबकि बाकी समय गर्मी ही है। मौसम वैज्ञानिकों ने दीपावली तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है।

सोमवार को भी दिन का तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि रात को भी कोई खास ठण्डा नहीं थी बीती रात 10 बजे बाद मौसम में हल्की ठण्डक घुली जो सुबह करीब 7.30 बजे तक थी। इसके बाद हल्की धूप खिलने के साथ ठण्डक गायब हो गई। इन दिनों बादल भी नहीं है जिससे मौसम साफ है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मंगलवार से उत्तरी भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इससे उत्तर से ठण्डी हवाएं प्रदेश में नहीं आएंगी। ऐसा सिस्टम 12 नवम्बर (दीपावली) तक रहेगा। इसके बाद मौसम में परिवर्तन हो सकता है।

## शक्ति उपासना के साथ 1600 देवियों का पूजन किया

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय रविवार को श्रीश्री विद्याधाम द्वारा आयोजित देवी उपासना कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। श्रीश्री विद्याधाम द्वारा 1600 देवियों की पूजन का कार्यक्रम रखा गया था। कैलाश विजयवर्गीय ने मां शक्ति की उपासना की और 1600 देवियों का पूजन किया। इस दौरान उन्होंने महामण्डलेश्वर चिन्मयानन्द महाराज एवं महामण्डलेश्वर लक्ष्मणदास महाराज का भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

**पराठे सेंकती नजर आई कैलाश विजयवर्गीय की बहू सोनम आकाश विजयवर्गीय**



# मारपीट कर पड़वाए पैर, SC-ST एक्टमें फंसाने की दी धमकी

## आहत होकर की शख्स ने आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। पुरानी बुराई पर युवक से मारपीट कर पैर पड़वाने से क्षुब्ध व्यक्ति ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। युवक द्वारा की गई आत्महत्या के कारणों की जांच के बाद पुलिस ने आत्महत्या के लिए जिम्मेदार आरोपितों पर मामला कायम कर लिया है।**

पुलिस के मुताबिक रहली थाना क्षेत्र के सिमरिया हरांखेड़ा निवासी 45 वर्षीय मुलायम पिता रामचरण विश्वकर्मा ने 14 अक्टूबर की दोपहर में अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मामले की जांच की , जिसके स्वजन और आसपास के लोगों के बयान लिए गए।

### SC-ST एक्ट में फंसाने की दी धमकी

जांच में पता चला कि घटना के एक दिन पहले रात करीब आठ बजे सिब्बू विश्वकर्मा के घर के सामने मुलायम के साथ पुरानी रंजिश के चलते अर्जुन अहिरवार और अतुल साहू ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। साथ ही सीताराम कुर्मी ने मुलायम को एससी एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी, जिसके बाद मुलायम डर गया और मारपीट से आहत होकर उसने दूसरे दिन अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला-** सागर के रहली थाना क्षेत्र में व्यक्ति के सुसाइड मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों ने मृतक के साथ मारपीट कर जबरदस्ती पैर पड़वाए थे। झूठे केस में फंसाने की धमकी दी थी। जिससे आहत होकर मृतक ने फंदा लगाकर सुसाइड किया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है।

# MP का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर भोपाल, AQI-310

## 6 महीने बाद एक्यूआई माड्रेट से पुअर में पहुंचा, ग्वालियर का एक्यूआई 338

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। अब धीरे-धीरे शहर की हवा प्रदूषित होना शुरू हो गई है। करीब 6 महीने बाद भोपाल में AQI (एयर क्वालिटी इंडेक्स) माड्रेट से पुअर में पहुंचा गया। इसके चलते भोपाल (लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम पर्यावरण परिसर) प्रदेश के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में दूसरे स्थान पर है। सोमवार को भोपाल का AQI-310 दर्ज किया गया है। इसी समय ग्वालियर (लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम महाराज वाड़ा) का 338 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके चलते पिछले कुछ दिन से भोपाल में पॉल्यूशन अब लाल रेखा की और बढ़ता दिखाई दे रहा है।**

### ठंड के सीजन में बढ़ने लगता है प्रदूषण

पर्यावरण के जानकारों का कहना है कि ठंड के सीजन में आम तौर पर एक्यूआई बढ़ता ही है। ठंड में वाहनों से निकलने वाली हानिकारक गैसें एक्सपेंड नहीं हो पाती व वायुमंडल में ठहरी रहती हैं। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती है, गैस व धूल के कण वायुमंडल में देर तक ठहरते हैं, इससे एक्यूआई बढ़ता है।



### हर साल कब पहली बार लाल रेखा पर पहुंचा AQI

1. साल 2022 में लाल रेखा के पार पहली बार एक्यूआई 1 नवंबर को 312 दर्ज किया गया था।
2. साल 2021 में 10 नवंबर को 312 दर्ज किया गया था।
3. साल 2020 में नवंबर के दूसरे सप्ताह में एक्यूआई 305 पर पहुंचा था।
4. साल 2019 में एक्यूआई 260 से अधिक नहीं दर्ज किया गया था।

### इसलिए बढ़ा एक्यूआई

अक्सर ठंड बढ़ने वायुमंडल के डस्ट पार्टिकल एक्सपेंड नहीं हो पाते हैं। इसलिए एक्यूआई में बढ़ोतरी होती है। वहीं हम यह भी कह सकते हैं कि वायुमंडल में नमी भी कम हुई है। इसका भी सीधा असर होता है। कई बार प्रदूषण एक दम उठता एवं गिरता है इसका मुख्य कारण विंड प्रेशर या विंड विलोसिटी होती है।

# महू और पटना के बीच चलेगी दीपावली स्पेशल ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दीपावली के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के डा. आंबेडकर नगर (महू)से पटना के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन महू और पटना के बीच 9 नवंबर से एक दिसंबर के बीच चार चक्कर लगाएगी।**

09343 डा. आंबेडकर नगर-पटना स्पेशल ट्रेन महू से प्रत्येक गुरुवार को शाम 6.30 बजे रवाना होकर शाम 7.05 बजे इंदौर पहुंचेगी। यहां से यह ट्रेन फतेहाबाद रूट से उज्जैन होते हुए अगले दिन शुक्रवार को शाम 6.30 बजे पटना पहुंचेगी। वहीं वापसी में 09344 पटना-डा. आंबेडकर नगर स्पेशल ट्रेन पटना से प्रत्येक शुक्रवार को रात 9.30 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन शनिवार को रात 11.10 बजे इंदौर ठहराव देकर रात 11.55 बजे महू पहुंचेगी।

पश्चिम रेलवे द्वारा त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रतलाम मंडल के रतलाम स्टेशन पर ठहराव के साथ राजकोट से बरौनी के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराए के साथ किया जाएगा। राजकोट-बरौनी स्पेशल 10 नवंबर से 29 दिसंबर तक राजकोट से प्रति शुक्रवार को 12.50 बजे चलेगी। रविवार को 3.30 बजे बरौनी जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में राजकोट स्पेशल 12 नवंबर से 31 दिसंबर तक बरौनी से प्रति रविवार को दोपहर 1.45 बजे चलेगी और मंगलवार को सुबह 5.50 बजे राजकोट पहुंचेगी।

# भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन पर आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन पर मोतीनगर थाने में आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया। उन पर साहू धर्मशाला में बगैर सूचना दिए कार्यक्रम आयोजित करने व मतदाताओं को लुभाने के लिए उपहार वितरित करने का आरोप है।**

रिटर्निंग अधिकारी ने शिकायत के बाद जांच की व प्रतिवेदन के आधार पर भाजपा प्रत्याशी एवं कार्यक्रम के आयोजक के खिलाफ मामला कायम कराया। रिटर्निंग अधिकारी ने प्रतिवेदन में बताया कि सूचना प्राप्त होने पर मौके पर एफएसटी और वीएसटी दल पहुंचा। जहां वीडियोग्राफी कराई। कार्यक्रम स्थल पर कुर्सियां लगी थी। मंच बना था। मंच पर अन्य लोगों के साथ भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में महिलाओं को बर्तन के सेट गिफ्ट पैक के रूप में वितरित किए जा रहे थे। कार्यक्रम में सभी लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई थी। लोगों के बैठने की व्यवस्था सहित 25 पानी के कैंपर मय डिस्पोजल, गिलास के उपलब्ध थे। कार्यक्रम में हुए व्यय के संबंध में भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। जांच दल को मिले साक्ष्यों के आधार पर बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यक्रम में उपस्थित होना आचरण संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। इस पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### साहू समाज ने न्योता दिया था

इस संबंध में भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन का कहना है कि साहू समाज का एकत्रीकरण हुआ था। उन्होंने मुझे न्योता दिया था, इसीलिए वहां पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर वापस आ गया था। वहां क्या हुआ मुझे पता नहीं। यह कांग्रेस कार्यकर्ताओं की साजिश है। मुझे आपसे पता चल रहा है कि आचार संहिता का उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ। कांग्रेस के पास इस चुनाव में और कोई मुद्दा नहीं बचा। इसीलिए इस तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। इसका जवाब जनता चुनाव में देगी।

# गठबंधन कोई भी हो पीडीए बिना कुछ नहीं होगा- अखिलेश यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार को दमोह में आमसभा को संबोधित करने पहुंचे। गठबंधन कोई भी हो पीडीए के बिना कुछ नहीं हो सकता। जब उनसे पूछा कि पहले आईएनडीआईए महागठबंधन का समर्थन और अब पीडीए की बात तो क्या इंडिया महा गठबंधन खत्म हो गया है।**

इस पर उन्होंने कहा कि अगर आपने पहले सपा के सिद्धांत को जाना होगा तो हमने पहले ही कह दिया था कि इंडिया गठबंधन की ताकत पीडीए बनेगी और पीडीए ही है जो आईएनडीआईए या किसी भी गठबंधन को ताकत देगा।

मुझे उम्मीद है कि देश में जो माहौल पीडीए के पक्ष में है। उन्होंने कहा पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक भाई ही इस देश को बीजेपी से बचा सकते हैं। चुनाव नतीजों के बाद किस पार्टी का समर्थन करेंगे इस पर उन्होंने कहा कि जो जातिगत जनगणना कराएगा, पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देगा हम उसके साथ जा सकते हैं।

### नोटबंदी कर सबको लाइन में खड़ा कर दिया

भाजपा पर चुटकी लेते हुए उन्होंने अपनी बात शुरू की और कहा कि सभा में ड्रोन उड़ रहा है मुझे लगा ये ड्रोन 2 हजार की चिप लगे नोटों को खोजने यहां आया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने नोटबंदी कर हमें और आप सबको लाइन में खड़ा कर दिया और यह भरोसा दिलाया कि इस नोटबंदी से देश को फायदा होगा, लेकिन न भ्रष्टाचार कम हुआ और ना देश के हालात बदले। हालांकि उनके इस बयान पर मौजूद जन समूह ठहाके लगने लगा।

### एमपी में लिखी गई भ्रष्टाचार की किताब

आज मध्य प्रदेश की बात की जाए तो यहां पर भ्रष्टाचार की एक किताब लिख चुकी है। किताब छोटी है, लेकिन यदि उसमें दिल्ली वालों के घोटाले का हिसाब जोड़ दिया जाए तो वह किताब बहुत मोटी हो जाएगी।

# एएसआई अमित दीक्षित पर मामला दर्ज, युवती के साथ मारपीट करने का है आरोप

### पहले भी हो चुके है निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।** पुलिस लाइन में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (एम) अमित दीक्षित के खिलाफ कोतवाली थाने में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में बुढ़ार थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 28 वर्षीय युवती ने बीते दिनों शिकायत दर्ज कराई थी।

बता दें कि इससे पूर्व भी अमित दीक्षित के ऊपर गांजा तस्करों के साथ सांठ गाँठ के आरोप लग चुके हैं, जिसकी जांच भी वरिष्ठ



अधिकारी द्वारा कराई जा रही है। इस बीच पता चला है कि जेल में बंद गांजा तस्कर की बहन के साथ बीते दिनों पुलिस लाइन शहडोल स्थित एएसआई दीक्षित के निवास में मारपीट की घटना हुई थी। जिसके बाद युवती की शिकायत पर जांच उपरांत आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कोतवाली थाना में धारा 294, 323, 427 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पूर्व में उक्त पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया था, लेकिन कुछ दिन पहले उसे बहाल कर दिया गया था। अब देखना होगा कि उसके खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उसे पुनः निलंबित किया जाता है अथवा नहीं। लेकिन उक्त पुलिसकर्मी की हरकत ने सारे पुलिस महकमे को शर्मसार कर रख दिया है।

New Delhi

# दिल्ली-एनसीआर में अभी प्रदूषण से राहत नहीं, चारों ओर धुंध ही धुंध; जानें आज कितना है AQI

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश की राजधानी दिल्ली गैस चैंबर बनी हुई है। ऐसे में दिल्लीवासियों की सांसों पर संकट बरकरार है। दिवाली से पहले राहत मिलती हुई भी नहीं दिख रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यानी सीपीसीबी के अनुसार, मंगलवार को भी दिल्ली में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। सुबह के वक्त कई इलाकों में धुंध की चादर छाई हुई है। ऐसे में लोगों को मौसम के मेहरबान होने का इंतजार करना होगा। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने के लिए सरकार जमीन पर योजनाएं उतार रही है। ऑड-ईवन को लागू किया जा रहा है। अभी भी दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में वायु प्रदूषण सूचकांक 400 से 500 के बीच बना हुआ है। कई हिस्सों में पीएम2.5 खतरनाक स्तर 500 से भी ऊपर चला गया है। मौसम निगरानी एजेंसियों ने इसे 'गंभीर'



माना है।

बीते दिन भी दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित रही। सोमवार को यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 421 दर्ज किया गया। हालांकि, रविवार के मुकाबले 33 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। जहांगीरपुरी और वजीरपुर समेत 24 इलाकों में हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह से ही स्मॉग की चादर छाई रही। ऐसे में यही स्थिति बृहस्पतिवार तक बने रहने का अनुमान है। एनसीआर में दिल्ली के बाद ग्रेटर नोएडा की हवा अधिक प्रदूषित रही। दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का चौथा चरण लागू है।

दिल्ली में सोमवार को 24 इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। जबकि रविवार के मुकाबले चार इलाकों में गिरावट दर्ज की गई। पांच इलाकों में हवा बेहद खराब रही। इसमें जहांगीरपुरी में 458, वजीरपुर में 455, पटपड़गंज में 453, पंजाबी बाग में 450, आरके पुरम में 447, रोहिणी में 445 एक्यूआई दर्ज किया गया।

Uttarpradesh

## पुलिस चौकी में बनियान-गमछा पहनकर महिलाओं की फरियाद सुन रहे थे दारोगा, SP ने लिया एक्शन

**कौशांबी, (एजेंसी) यूपी के कौशांबी में चौकी के अंदर बनियान व गमछा में फरियाद सुनने वाले दारोगा पर एक्शन लिया गया है. एसपी ने दारोगा को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है. साथ ही विभागीय जांच के आदेश दिए हैं. दारोगा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ये एक्शन हुआ है.**

वीडियो में दारोगा को बनियान-गमछा पहनकर पीड़ित महिलाओं की फरियाद सुनते देखा सकता है. वीडियो वायरल होते ही पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया. मामले में ASP ने जांच के आदेश दिए. उन्होंने कहा कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी. जिसके बाद अब इस मामले में कार्रवाई की गई है. गौरतलब है कि वीडियो में दारोगा बनियान और गमछा लपेटकर फरियाद सुनते नजर आ रहे हैं. वहीं, सामने तीन महिलाएं बैठी दिख रही हैं. बताया जा रहा है कि महिलाएं किसी बात को लेकर सिंघिया चौकी पहुंची थीं. जहां दरोगा कुर्सी पर बनियान और गमछा लपेटकर बैठे थे. जब महिलाओं ने दारोगा को इस हालत में देखा तो वो सन्न रह गईं .

Jharkhand

## पसंद आई गाड़ी लेकिन नहीं पटा सौदा, रात में ले उड़े चोर; रांची में अनोखी वारदात

**रांची, (एजेंसी)** राजधानी रांची में चोरों का स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) प्रेम व उसकी चोरी के लिए कुछ भी कर गुजरने का



नया ट्रेंड सामने आया है। चोरों को यह नया गिरोह विज्ञापन देखकर गाड़ी का सौदा करने उसके मालिक के पास पहुंच जाता है। सौदा तय नहीं हुआ तो रात के अंधेरे में गाड़ी उड़ा ले जाता है। रांची में 10 अक्तूबर से अब तक 10 स्कॉर्पियो की चोरी हो चुकी है। इनकी चोरी का तरीका भी एक है। ओएलएक्स देख पहले स्कॉर्पियो का सौदा करने पहुंचते हैं और नहीं पटा तो यही रेकी रात में गाड़ी चुराने में मददगार बनती है।

Bihar

## जमीन विवाद में खूनी खेल, हमलावरों ने कब्र खोदने की धमकी दी, फिर 5 लोगों को स्कॉर्पियो से कुचला

**गोपालगंज, (एजेंसी)** बिहार के गोपालगंज में जमीन विवाद में पांच लोगों को स्कॉर्पियो से कुचल दिया गया. इस घटना में एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई. चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है. उनका इलाज चल रहा है. पुलिस ने इस मामले में चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. साथ ही स्कॉर्पियो भी जब्त कर ली है. घटना श्रीपुर ओपी के मांझा चतुर्भुज गांव की है. जमीन विवाद को लेकर सोमवार को एक पक्ष ने स्कॉर्पियो से दूसरे पक्ष के पांच लोगों को कुचल दिया. इसमें एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. चार लोग लहुलुहान हो गए. घटना से गांव में हर तरफ चीख-पुकार मच गई. मृतक की पहचान 65 साल के उस्मान मियां के रूप में हुई है. जबकि घायलों में नूर आलम अंसारी, अली मियां, लड्डन अंसारी और खुर्शीद अंसारी शामिल हैं. घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो में तोड़फोड़ की. साथ ही हमलावरों को मारने पर उतारू थे. सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया. इसके बाद घायलों को स्थानीय मरछियां देवी रेफरल अस्पताल फुलवरिया में दाखिला कराया. वहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सदर अस्पताल गोपालगंज रेफर कर दिया गया.

खेल

# 'विवादित' मैच में श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश की टीम ने रचा इतिहास, दिल्ली के मैदान पर बने ये रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच खेला गया वर्ल्ड कप 2023 मैच विवादों से घिरा नजर आया। एंजेलो मैथ्यूज के टाइम्ड आउट से शुरू हुई कहानी मैच के बाद में दोनों टीमों के खिलाड़ियों के हैंडशेक ना करने पर खत्म हुई। श्रीलंका की टीम बांग्लादेश पर खेल भावना ना दिखाने के आरोप लगा रही है, जबकि बांग्लादेश के कप्तान





शाकिब अल हसन का कहना है कि उन्होंने नियमों के भीतर ही अपील की थी। इसके इतर इस मैच में कई रिकॉर्ड बने, जिन पर एक नजर आप डाल लीजिए।

दरअसल, दिल्ली के मैदान पर बांग्लादेश की टीम ने 280 रनों के टारगेट को चेज किया। इस मैदान पर कभी भी वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में इतना बड़ा लक्ष्य किसी टीम ने हासिल नहीं किया। इस तरह ये एक रिकॉर्ड बांग्लादेश के लिए बना। इतना ही नहीं, बांग्लादेश की टीम ने पहली बार श्रीलंका के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास में जीत दर्ज की। बांग्लादेश की टीम ने इस मैच को 3 विकेट से अपने नाम किया। टीम के लिए नजमुल हसन शांतो और शाकिब अल हसन ने मैच जिताऊ साझेदारी की। इसके अलावा एक रिकॉर्ड बांग्लादेश की टीम ने ये भी बनाया कि बांग्लादेश ने श्रीलंका को पहली बार इतने बड़े स्कोर को चेज करके हरा दिया। श्रीलंका के खिलाफ वनडे क्रिकेट में बांग्लादेश की ये सबसे बड़ी जीत रन चेज के मामले में है। वहीं, वर्ल्ड कप के एक मैच में बांग्लादेश की ओर से चौथी बार एक पारी में सात या इससे ज्यादा छक्के लगे। इस विश्व कप में तीसरी बार बांग्लादेश की टीम ने एक पारी में सात या इससे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड बनाया। लिटन दास, नजमुल हसन शांतो और तोहिद हृदोय ने 2-2 छक्के जड़े और एक छक्का महमदुल्लाह के बल्ले से निकला। हालांकि, बांग्लादेश के लिए ये जीत कोई ज्यादा मायने नहीं रखेगी, क्योंकि टीम वर्ल्ड कप 2023 सेमीफाइनल की रेस से पहले ही बाहर हो गई है।

सिनेमा

## रश्मिका मंदाना के वीडियो के बाद कटरीना कैफ की टॉवल वाली फोटो से छेड़छाड़



रश्मिका मंदाना के एडिटेड वीडियो के बाद अब कटरीना कैफ की तस्वीर के साथ भी छेड़छाड़ कर दी गई है। उनकी टाइगर 3 की चर्चित टॉवल वाली मॉर्फ्ड फोटो सोशल मीडिया पर वायरल है। ओरिजिनल तस्वीर कटरीना ने 6 नवंबर को ही पोस्ट की थी। देर रात तक इसे एडिट करके कुछ लोगों सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। कटरीना का यह सीन टीजर के वक्त से ही सुर्खियों में है। कटरीना मीडिया से बोल चुकी हैं कि इसे करना आसान नहीं था।

रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो सुर्खियों में था। अब कटरीना कैफ की अपकमिंग फिल्म की एक तस्वीर को मॉर्फ कर दिया गया है। यह टाइगर 3 का एक सीन है जो उन्होंने रीसेंटली अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। कटरीना ने लिखा था कि वह टाइगर 3 के लिए कितनी मेहनत कर रही हैं। फोटो के साथ उनका वर्कआउट वाली कई वीडियो क्लिप्स भी थीं। कटरीना ने लिखा था, मेरे लिए जब टाइगर का समय आता है तो, यह अपनी क्षमता से आगे जाने का वक्त होता है। मैं खुद की सहनशक्ति की परीक्षा ले रही हूं और इसमें ताकत का अहसास हो रहा है।

# संपादकीय

## संकट को संभालने की कोशिश

तापमान में कमी के साथ अगर हवा में ठहराव की स्थिति बनती है, तो धूल और धुआं के अलावा अन्य तत्व मिल कर वायु प्रदूषण की समस्या को जटिल बना देते हैं। इसकी वजह से वायु की गुणवत्ता खराब हो जाती है। पिछले महीने के आखिरी दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक में दिल्ली की तस्वीर बिगडऩी शुरू हुई थी और तब से यह कमोबेश 'बहुत खराब' की श्रेणी में ही है। अब सम-विषम व्यवस्था के अलावा ग्रैप-4 लागू होने के बाद स्थिति में सुधार की संभावना है, लेकिन जब तक इस समस्या का दीर्घकालिक समाधान नहीं निकाला जाएगा, तब तक हर साल इसी तरह तात्कालिक उपायों के जरिए संकट को संभालने की कोशिश करनी पड़ेगी। तमाम आशंकाएं और अनुमान सामने होने के बावजूद दिल्ली की हवा ऐसी हो चुकी है जिसे बेहद घातक स्तर तक खतरनाक कहा जा सकता है। मुश्किल यह है कि न सरकार स्थिति के पूरी तरह बिगडऩे तक सक्रिय होती है, न आम लोग प्रदूषण के कारणों को दूर करने में सहयोग देना चाहते हैं। यही वजह है कि पिछले तीन-चार दिनों से स्थिति बिगड़ती चली जाने के बाद सोमवार को दिल्ली सरकार ने वाहनों के लिए सम-विषम व्यवस्था लागू करने की घोषणा की। इसके तहत फिलहाल तेरह से बीस नवंबर तक दिल्ली में यह पाबंदी लागू रहेगी। हवा में घुलते जहर के असर को कम करने के लिए पिछले दिनों उठाए गए बड़े कदमों के क्रम में यह दूसरा फैसला है। गौरतलब है कि दिल्ली में प्राथमिक स्कूलों को दस नवंबर तक बंद रखने की घोषणा की गई है। इसके अलावा, राजधानी में इस समस्या के मद्देनजर ग्रैप-4 की पाबंदियां पहले से ही लागू हैं। हर साल ठंड की शुरुआत में हवा के घनीभूत होने के साथ ही पीएम-5 और अन्य घातक सूक्ष्म कणों के असर से जनजीवन बाधित होने लगता है। मगर मुश्किल यह है कि कारण और परिणाम के बारे में लगभग सब साफ होने के बावजूद सरकार तब कोई बड़ा फैसला करती है, जब मामला हाथ से निकलने लगता है। सम-विषम व्यवस्था के बाद दिल्ली की सडक़ों पर दौडऩे वाले वाहनों की संख्या में कमी आएगी और उनकी वजह से हवा में घुलने वाले प्रदूषण में कमी आने की उम्मीद की जा सकती है। सवाल है कि प्रदूषण में बढ़ोतरी पर काबू पाने के मामले में अगर सम-विषम सहित अन्य उपायों को इतना ही कारगर माना जाता है तो इन्हें समय रहते चरणबद्ध तरीके से लागू क्यों नहीं किया जाता? क्या ऐसा संभव नहीं है कि इस मौसम में प्रदूषण की आम तस्वीर के संकट में तब्दील होने से पहले हवा में खतरनाक तत्व घोलने वाले कारकों पर लगाम लगाने के साथ-साथ आम लोगों के बीच भी जागरूकता अभियान चलाया जाए, उन्हें भी बताया जाए कि इस समस्या से लडऩे में उनकी भी कुछ जिम्मेदारी है?

**अर्ज किया है..!**

*जिंदा रहना है तो*
*जिंदगी से लड़ो,*
*आसमां से रोटियां*
*नहीं आएगी!*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**ईश्वर ने दिया है...**
**ऐसा सोच कर**
**कष्ट सह लेना तप है...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**Health is Wealth**

## मनोविज्ञान कहता है इन बातों को अपनाएं

# जिंदगी सुकून से कटेगी



आजकल हर किसी की जिंदगी काफी भागदौड़ भरी हो गई है। हर इंसान अपने रोजीरोटी के जुगाड़ में लगा है। किसी के पास एक दूसरे के लिए समय नही है। बहुत सारे लोग एकाकी जीवन की वजह से तनाव और डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। लोगों की लाइफ में बहुत सारी समस्याएं जिनसे निपटने के लिए लोग जूझ रहे हैं। अगर जिंदगी में सुकून चाहिए तो पहाड़ों पर सैर करने की बजाय मनोविज्ञान में बताई इन बातों को फॉलो करें।

1. लाइफ से जुड़ी सारी चीजों को सोशल मीडिया पर शेयर करना जरूरी नहीं। कुछ बातें खुद तक और अपने खास तक ही रखना अच्छा होता है।
2. साइकोलॉजी कहती है कि अगर आप समस्या की तरफ देखेंगे तो केवल समस्या ही दिखेगी। लेकिन जब आप समाधान पर अपना फोकस करेंगे तो आपको कई सारे रास्ते और समाधान मिलेंगे।
3. अगर आप किसी के साथ बैठकर किसी के बारे में बुरी बाते और चुगली कर रहे हैं। यकीनन वो इंसान दूसरे के साथ बैठकर आपकी चुगली और बुराई भी करेगा।
4. जिंदगी में सुकून और चैन की तलाश है तो हर किसी की बातों को अपने ऊपर लागू ना करें। सारी चीजें आपके लिए नही हैं और ना ही दुनिया का हर इंसान आपके बारे में सोचता है। आप खुद केवल आपके बारे में सोचते हैं। इसलिए दूसरों की बातों को सोचकर खुद को चिंता और तनाव में ना डालें।
5. अगर आप किसी के साथ बातचीत नहीं करते हैं तो गहरे से गहरा संबंध भी खत्म हो जाता है। इसलिए रिश्तों को बनाए रखने के लिए कम्यूनिकेशन जरूरी है।
6. साइकोलॉजी में कहा गया है कि जितना आप परवाह कम करेंगे उतना ज्यादा खुश रहेंगे। लोग आपके बारे में क्या बात करते हैं, कैसी बात करते हैं। अगर आप इन बातों के बारे में सोचेंगे तो मन का सुकून छिन जाएगा। इसलिए लोगों की परवाह किए बगैर अपनी लाइफ और काम पर फोकस करें। ये लाइफ को चैन से जीने का मंत्र है।

## Highlights

- **101-year-old man, his 86-year-old wife cast votes in Mizoram**
- **2 actresses, actor arrested for filming adult movies in Mumbai, live streaming them on app**
- **Traffic restrictions in Hyd from 2 pm to 8 pm for PM Modi's visit**
- **Mizoram CM casts vote in 2nd attempt after EVM glitch in 1st try**
- **Former Odisha Assembly Speaker Maheswar Mohanty passes away at 67**
- **No meaning after Chhattisgarh polls: INC as EC cancels meet on ED**

# Shares of skincare firm Mamaearth rise 4% in debut trade

**NEW DElHI, (Agency).** Shares of Honasa Consumer , the parent of Indian skincare firm Mamaearth, were up as much as 4.2% in their trading debut on Tuesday, valuing the startup at 108.62 billion rupees ($1.30 billion).

The stock, which climbed to a high of 337.60 rupees in early trade after opening at 330 rupees, briefly fell below its initial public offer (IPO) price of 324 rupees.

The benchmark Nifty 50 index was down 0.2%.

Companies focused on personal care and cosmetics have seen a jump in demand for their products after the pandemic as awareness on self-care grew.




"Consumers have become a lot more conscious about the quality of chemicals that they end up actually using and so they're looking for cleaner and organic products. That is going to be a larger long-term trend ... this product preference is where Mamaearth is directly positioning themselves," said Siddarth Pai, founding partner at 3one4 Capital, which tracks the Indian consumer sector.

Last week, the company's IPO received robust interest from investors who oversubscribed its shares on offer by 7.6 times, bidding for more than 220 million shares, exchange data showed.

It had put the plan on hold in March blaming weak market conditions.

Mamaearth, founded by former Hindustan Unilever executive Varun Alagh and his wife Ghazal in 2016, revisited its IPO plan last month, with a reduced offer size.

The Indian beauty and personal care market is estimated to expand to $28 billion by 2025 from $17.8 billion in 2020, according to KKR-backed financial services firm Avendus.

# In constant touch with PW: IndiGo CEO on engine issues

**NEW DElHI, (Agency).** India's largest carrier- IndiGo, is in constant touch with the engine maker Pratt & Whitney (PW) over engine issues leading to grounding of aircraft, IndiGo's chief executive officer Pieter Elbers said on Monday.

"We're in constant discussion with Pratt and Whitney to see when did we get clarity what is the focus on the powder metal issue which they have announced. How can we have the the supply chain been up and running, I think we have been very transparent and




consistent in our communication here and we continue to work along these two sides, get the information from PW on the one hand side and working on the mitigating measures, on the other hand.. for us to ensure that we can continue to deliver on that capacity guidance," he said.

When asked about India's aviation regulator, the Directorate General of Civil Aviation's (DGCA), suggestion to the engine maker to set up a maintenance repair and overhaul (MRO) in Asia to quicken the process of delivering engines to the airline, Elbers said: " As an operator we would only encourage to have manufacturers close to us, it would be easier to communicate, align and share experiences.."

This comes after the airline, on Friday, stated that it expects more grounding of A320neo aircraft from next year.

# नई तकनीकों से मोबाइल ढूंढ रही पुलिस

## ◆एक करोड़ के 411 लूटे और गुम मोबाइल फोन इंदौर क्राइम ब्रांच ने लोगों को किए वापस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में चोरी और लूट के मोबाइलों को ढूंढने में इंदौर पुलिस सफल होती नजर आ रही है। इंदौर क्राइम ब्रांच नई तकनीकों के माध्यम से चोरों तक पहुंच रही है और मोबाइल बरामद कर उन्हें लोगों को सौंप रही है। पुलिस की सिटीजन काप एप्लीकेशन पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने 411 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। उनकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये है।**

टीम ने मध्य प्रदेश के अलावा गुजरात, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, पंजाब, बिहार, राजस्थान, ओड़िशा, हरियाणा, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों से भी मोबाइल बरामद किए हैं। वर्ष 2023 में अब तक टीम 1586 गुम मोबाइल आवेदकों को वापस कर चुकी है। आवेदकों को मोबाइल



पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) निमिष अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने सौंपे। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी छा गई। उन्होंने बताया कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारे मोबाइल हमें वापस भी मिल पाएंगे।

### एप से घर बैठे करें शिकायत

अधिकारियों ने बताया कि आम जनता से अपील की जाती है कि सिटीजन काप एंड्राइड फोन एप्लीकेशन का उपयोग कर आपराधिक गतिविधियों की सूचनाएं तथा इससे संबंधित शिकायतें घर बैठे सीधे आनलाइन माध्यम से पुलिस तक पहुंचाए। इससे न केवल आपके समय की बचत होगी, बल्कि आपकी शिकायतों अथवा सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए पुलिस को मदद मिलेगी।

### ऐसे करें गुमे फोन की शिकायत

अधिकारियों ने बताया कि सिटीजन काप एप्लीकेशन में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों के संपर्क नंबर के अलावा अन्य महत्वपूर्ण फीचर जैसे किसी घटना के संबंध में सीधे आनलाइन शिकायत और सूचना पुलिस तक पहुंचा सकते हैं। इसके लिए रिपोर्ट एन इंसीडेंट और किसी वस्तु चोरी अथवा गुम होने पर आनलाइन शिकायत करने के लिए रिपोर्ट लास्ट आर्टिकल की सुविधा मुहैया करवाई गई है। रिपोर्ट लास्ट आर्टिकल में मोबाइल फोन अथवा अन्य वस्तु के गुम होने की शिकायत इस फीचर के माध्यम से कर सकते हैं। इसमें आवेदक को आनलाइन ही शिकायत क्रमांक सहित रिपोर्ट से संबंधित रसीद प्राप्त होती है। इसका उपयोग वह मोबाइल में गुम हुई सिम को बंद कराने और नई सिम प्राप्त करने के लिए कर सकता है।

# थाने के बाहर से उड़ाए नकदी और जेवरात

## ◆फरार गुंडे को पुलिस ने पकड़ा तो पीछे पत्नी भी पहुंची थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जूनी इंदौर थाने के बाहर खड़े स्कूटर से सोने के जेवर और नगद चोरी हो गए। जिसके महिला के साथ यह वारदात हुई उसके पति पर कई आपराधिक केस दर्ज हैं। पुलिस की लिस्ट में वह गुंडे की लिस्ट में शामिल है। वह गुंडा तीन मामलों में फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस उसे पकडक़र थाने लाई। पुलिस के पीछे-पीछे गुंडे की पत्नी भी अपने स्कूटर से थाने पहुंची। यहां स्कूटर खड़ा किया और उसमें चाबी लगी ही रह गई। इस बीच बदमाशों ने स्कूटर ने जेवर और नगद पैसे चुरा लिए।

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक माही वर्मा निवासी जोशी कॉलोनी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया है। माही के मुताबिक बदमाश उसके स्कूटर से सोने के आभूषण और नकदी करीब 15 हजार रुपए चोरी करके ले गया।

जिस माही वर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज की है। उसके पति लक्की उर्फ लखन तीन मारपीट और अवैध वसूली के मामले में फरार था। जूनी इंदौर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही थी। इसी समय पत्नी माही थाने पहुंची। माही की शिकायत के बाद पुलिस ने यहां कैमरों के फुटेज चेक किये। लेकिन माही वर्मा का स्कूटर काफी दूर कार के पीछे खड़ा होने के कारण फुटेज साफ दिखाई नहीं दिए। इस मामले में वहां पहुंचे दो संदिग्धों से भी पुलिस ने पूछताछ की। लेकिन कुछ नहीं मिला। लक्की आदतन अपराधी है। वह करीब चार साल पहले जूनी इंदौर के साथ चंदन नगर इलाके में कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री के पंप पर दो बार गोलीकांड को अंजाम भी दे चुका है। भागने के दौरान उसका एक पैर भी टूट चुका है। सोमवार को भी पुलिस जब उसे पकडऩे पहुंची तो वह डिवइडर से कूद गया। जिससे उसके पैर में चोट आई है।

## कनाडिय़ा पुलिस ने कुएं में गिरे युवक की बचाई जान

**इंदौर**। देशभक्ति जनसेवा का नारा देने वाली कनाडिय़ा पुलिस उस समय देवदूत बनकर उभरी, जब उसने एसडीआरएफ की टीम के साथ कुएं में गिरे युवक की तत्परता से जान बचाई। पुलिस के इस कदम की अधिकारियों व आमजनों ने प्रशंसा की। 5 नवंबर को थाना प्रभारी स्टाफ के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर पोलिंग बूथ चेक कर रहे थे। तभी राहगीर से सूचना मिली की संचार नगर स्थित सांई मंदिर कुएं में युवक गिर गया है, अगर जल्द उसे नहीं निकाला तो मृत्यु हो सकती है। इस पर पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को सूचना देकर बुलाया और मौके पर रवाना हुई। रस्की की व्यवस्था कर उसके सहारे युवक को सकुशल बाहर निकाला।

# कार्यक्रम से चोरों ने लिफाफे से भरा बैग चोरी

## गोद भराई प्रोग्राम में वारदात, सीसीटीवी में दिखे बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चंदन नगर इलाके में एक गार्डन में डॉक्टर के यहां आयोजित पारिवारिक फंक्शन में बदमाशों ने हाथ साफ कर दिया। यहां से बदमाश लाखों रुपये से भरा बैग चुराकर ले गए। इस बैग में मोबाइल और रूम की चाबी के साथ अन्य सामान रखा हुआ था।**

हालांकि देर रात परिवार ने जब बैग गायब देखा तो सीसीटीवी चेक किये। जिसमें बदमाश वहां से हाथ में बैग लेकर जाते हुए दिखाई दे रहा है। उसके साथ एक साथी भी है। जो बाइक पर उसे अपने साथ बैठाकर ले गया। दोनों आरोपी की तलाश की जा रही है।

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक डॉ. आयुष तिवारी की पत्नी डॉ. शिखा तिवारी की गोद भराई रविवार को अक्षत गार्डन स्कीम नंबर 71 में थी। इस दौरान प्रोग्राम में आए एक बदमाश ने यहां फंक्शन के बीच से लिफाफे और केश से भरा बैग लिया और चुराकर मौके से फरार हो गया।

डॉ. आयुष ने बताया कि बैग में करीब 40 हजार रुपए केश था। वहीं करीब चार सौ से अधिक लोग फंक्शन में आए थे। जिनसे उपहार में मिले लिफाफे भी इस बैग में थे। इसके साथ ही एक मोबाइल, डॉक्यूमेंट और रूम की चाबी भी बैग में रखी हुई थी।

डॉ. आयुष के मुताबिक रात में मेहमानों के जाने के बाद बैग की तरफ ध्यान गया तो वह जगह पर नहीं था। इसके बाद उन्होंने आसपास उसे तलाशा। गार्डन में लगे सिक्योरिटी कैमरे देखे तो बैग को ले जाते एक युवक बाहर की तरफ जाता दिखाई दिया। बाद में वह एक अन्य साथी की मदद से बाइक से वहां से निकला है। चंदन नगर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# जेल में कैदी के गले से रॉड आरपार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाल्टी पर गिरने के दौरान उसकी रॉड निकलकर व्यक्ति के गले के आरपार हो गई। रॉड गले के अंदर लैरिंग्स (कंठ वाली नली) के अंदर से चली गई थी। इसके बाद उसे एमवाय अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों की टीम ने तीन घंटे की जटिल सर्जरी के बाद उसे बाहर निकाला। पेशेंट अभी अस्पताल में एडमिट है तथा हालत अच्छी है।

घटना 30 अक्टूबर को इंदौर में हुई थी। उक्त 34 वर्षीय युवक को एमवाय अस्पताल लाया गया था। उस दौरान उसके गले में एक रॉड घुसी हुई थी, जो आरपार हो गई थी। जब ध्यान से उसे देखा तो पता चला कि वह बॉल्टी के हैंडल की रॉड है। इस पर तत्काल उसे ईएनटी डिपार्टमेंट में रेफर किया गया। वहां उसका एक्सरे और सीटी स्कैन किया, जिसमें पता चला कि रॉड लैरिंग्स में से होकर बाहर निकल गई है। इस दौरान लैरिंग्स फट गई थी। इसके चलते उसे सांस लेने में काफी तकलीफ भी हो रही है। ऐसे में उसका तुरंत ऑपरेशन प्लान किया गया। इसके पूर्व उसकी ब्लड संबंधी जरूरी जांच सहित अन्य जांच भी करा ली गई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।